# पाठ -1 मातृभूमि

I. **अनुरूपताः**

1. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप: ज्ञान का प्रतीक (2018)
2. हस्त : हाथ : : पताका : झंडा
3. बायें हाथ में : न्याय पताका: दाहिने हाथ में : ज्ञान दीप

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. भारत के खेत कैसे हैं ? (April-2017, April-2019, April-2022)
- मातृभूमि के खेत हरे-भरे है।

2. कवि भारत माता से क्या निवेदन/ प्रार्थना कर रहे हैं ? (2020)
- कवि भारत माता से जग का रूप बदलने का निवेदन कर रहे हैं।

3. भारत भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है ? (June-2017)
- भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है।

4. सुख-संपत्ति, धन-धाम को माँ कैसे बाँट रही है ?
- सुख-संपत्ति, धन-धाम को माँ मुक्त हस्त से बाँट रही है।

5. 'जय हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ पर गूँजना चाहिए ?
- 'जय हिंद' का नाद सकल नगर और ग्राम में गूँजना चाहिए ।

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए। (Apr-2016, Apr-2017, Aprl-2018, April-2019, 2020, June-2022)
   मातृभूमि के प्राकृतिक सौन्दर्य के बारे में लिखिए ।
- भारत माता के खेत हरे-भरे सुहाने हैं।
- वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं।
- भारत भूमि के अंदर खनिजो का व्यापक धन भरा हुआ है।
- वह सुख-संपति, धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है।

2. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ? (June-2018, April-2019, June-2019)
- भारत माता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ?
- भारत माता अमरो की जननी हैं।
- उसके हृदय में गांधी, बुद्ध और राम जैसे महान पुरुष सोये हुए हैं।
- उसके एक हाथ में न्याय पताका, दुसरे हाथ में ज्ञान दीप हैं।
- इस प्रकार मातृभूमि का स्वरूप सुशोभित है।

3. कवि भारत माता को अमरों की जननी क्यों कहते हैं ? (2020)
- भारत भूमि में गांधी, बुद्ध और राम जैसे अमर व्यक्तियों का जन्म हुआ हैं।
- इसलिए कवि भारत माता को अमरों की जननी कहते हैं।

MANJUNATHA V
GHS KUNDALAGURKI
SIDLAGHATTA TQ,
CHIKKABALLAPUR DIST

LIVEWORKSHEETS